# BHADOHI POLICE

## प्रेस-नोट

**सराहनीय कार्य, जनपद भदोही** **दिनांक-24.03.2025**

**◆डायल-112, पीआरवी पुलिसकर्मियों की तत्परता से सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल दो व्यक्तियों की बच सकी जान**

**◆थाना भदोही अंतर्गत रेवड़ा फाटक के पास दो मोटरसाइकिलों के बीच सड़क दुर्घटना होने पर क्षेत्र भ्रमण कर रही पीआरवी पुलिस टीम द्वारा तत्काल एंबुलेंस का इंतजार किए बिना पीआरवी वाहन में ही घायलों को अस्पताल पहुंचाकर कराया गया समुचित ईलाज**

**◆पुलिसकर्मियों द्वारा की गई तत्परतापूर्वक कार्यवाही की घायलों के परिजनों व स्थानीय जनता ने की भूरि-भूरि प्रशंसा**

दिनांक 23.03.2025 को थाना भदोही क्षेत्र अंतर्गत डायल-112, पीआरवी 6438 अपने निर्धारित प्वाइंट से दूसरे प्वाइंट पर जा रहे थे, तभी रेवड़ा फाटक के पास दो मोटरसाइकिल के बीच आपस में दुर्घटना हो गई। उक्त सड़क दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हो गए। पीआरवी पुलिसकर्मियों ने तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए एम्बुलेंस का इंतजार किए बिना घायल दोनों व्यक्तियों को पीआरवी वाहन से ले जाकर श्रद्धा हॉस्पिटल कस्बा भदोही में भर्ती कराया गया एवं स्थानीय पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई। पीआरवी पुलिस कर्मियों की तत्परता से घायल दोनों व्यक्तियों की जान बच सकी। पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही पर घायलों के परिजनों व स्थानीय जनता ने भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए आभार प्रकट किया।

**पीआरवी-6438 पर ड्यूटीरत पुलिसकर्मियों का विवरण-**

1.कमाण्डर-आरक्षी शिवम कुमार सिंह

2.पायलट- हो0गा0 श्रीधर